सार-समाचार

तिरंगा रैली निकाली

मंडफिया, (निसं)। भदेसर उपखंड मुख्यालय पर रविवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत पंचायत समिति भदेसर के तत्वाधान में तिरंगा रैली निकाली गई। भदेसर विकास अधिकारी अनिल कुमार टेलर ने जानकारी देते हुए बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को भदेसर उपखंड मुख्यालय पर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसके तहत भदेसर पंचायत समिति से रैली प्रारंभ हुई। इस रैली को भदेसर प्रधान सुशीला कंवर आक्या के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य सीमा शर्मा, सरपंच रतन कुंवर, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन आचार्य, पंचायत समिति केशियर देवराज सिंह, मॉडल स्कूल के संस्था प्रधान हिमांशु जानी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमंत जोशी, आशा सहयोगिनी, राजीविका, स्वयं सहायता समूह की सदस्य, शिक्षा विभाग के अध्यापक, शारीरिक शिक्षक, महिला बाल विकास विभाग के कार्यकर्ता व पंचायत समिति स्टाफ आदि उपस्थित थे। यह रैली पंचायत समिति से प्रारंभ होकर पुलिस थाना, बस स्टेशन, अंबेडकर कॉलोनी मार्ग, समता भवन, सदर बाजार, मेहता गली मार्ग होते हुए पुराना तहसील भवन रावला चौक पर पहुंची जहां पर रैली का समापन किया गया। समापन के अवसर पर विकास अधिकारी अनिल कुमार टेलर के द्वारा उपस्थित सभी जनों को नशा मुक्ति एवं तिरंगा अभियान की शपथ दिलाई।

धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

निम्बाहेड़ा, (निसं)। रविवार को दिगम्बर जैन धर्मावलम्बीयो ने भगवान पार्श्वनाथ मोक्ष सप्तमी पर विविध धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर सामूहिक निर्वाण लाडू चढ़ाया।समाज के प्रवक्ता मनोज सोनी के अनुसार रविवार को आदर्श कॉलोनी स्थित श्री शान्तिनाथ जिनालय मे भगवन पार्श्वनाथ मोक्ष सप्तमी पर समाज अध्यक्ष सुशील काला महामंत्री मनोज पटवारी, जीवनधर पाटनी कोषाध्यक्ष कमलेश जैन कि अगुवाई मे सकल दिगम्बर जैन समाज कि उपस्थित मे सामूहिक पूजा अनुष्ठान अर्चना कर जिन प्रतिमा के समक्ष अर्घ्य विसर्जित कर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया . इस अवसर पर श्रद्धांलूओ ने भगवन प्रतिमा के श्री जिनभिषेक और शांतिधारा भक्तिपूर्वक सम्पन्न किये . धार्मिक कार्यक्रम मे समाज के महिला मण्डल संरक्षिका इंदुबाला सोनी, अध्यक्ष शशि जैन, ममता काला, सीमा जैन, रिंकू सोनी, सोनू पटवारी, प्रेमचंद पाटोदी अशोक गदिया, रौनक पाटोदी, आभा जैन, सुलोचना जैन, महेंद्र पाटनी, शांता देवी पटवारी , प्रवीना अग्रवाल, रेखा पाटनी, सिद्धि जैन, लता पटवारी, अनीता पटवारी, विनीता पारलिया,जुली जैन सहित बाडी संख्या मे श्रद्धांलूजन उपस्थित रहे।

सावन भादो मनोरथ आज

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित श्री पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के श्री द्वारकाधीश मंदिर में सावन माह के अंतर्गत आयोजित हो रहे मनोरथ के क्रम में सोमवार को तृतीय पीठाधीश्वर गोस्वामी डॉ वागीश कुमार महाराज की आज्ञा से सावन भादो के मनोरथ का आयोजन किया जाएगा। सोमवार शाम 5 बजे हिंडोरणा दर्शन में प्रभु द्वारिकाधीश को मचकी के हिंदोरना में विराजित कर आम श्रद्धालुओं को दर्शन करवाए जाएंगे।

भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक धूमधाम से मनाया

बांसवाड़ा, (निसं)। खांदू कॉलोनी में आर्यिका मां विज्ञानमति माता के मंगल चातुर्मास के अंतर्गत देवाधिदेव पार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मुकुट सप्तमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने इंद्र इंद्राणी बनकर श्री सम्मेदशिखर महामंडल विधान किया।

आर्यिका मां विज्ञानमति के सानिध्य में 75 अर्घ्य के माध्यम से शाश्वत सिद्ध क्षेत्र श्री सम्मेद शिखरजी की वंदना की गई। सुबह मुख्य पंडाल में श्री पारसनाथ भगवान को विराजित करने का सौभाग्य डांगरा विमलकुमार को प्राप्त हुआ। आज के विधान के मुख्य पात्र सौधर्म इंद्र घुघरावत परागकुमार एवं सगर चक्रवर्ती मलावत राकेशकुमार बने वहीं कुबेर इंद्र बनने का सौभाग्य वोरा जयंतीलाल भुंगडा परिवार एवं महायज्ञ नायक डांगरा विमलकुमार परिवार को प्राप्त हुआ। पंडित प्राशु शास्त्री ने बताया कि मंडल पर मुख्य मंगल कलश की स्थापना सिंघवी दीपक कुमार मयूर कुमार परिवार को एवं निर्वाण लाडू चढाने का सौभाग्य पंचोरी जिनेंद्र कुमार एवं मालवीय शीलभद्र परिवार को प्राप्त हुआ। माताजी ने श्री पारसनाथ भगवान का जीवन चरित्र बताते हुए कहा कि पारसनाथ भगवान ने समता भाव धारण करके, कर्मों पर विजय पाकर, उपसर्गों को सहन करते हुए, केवलज्ञान को प्राप्त किया। श्रावण शुक्ला सप्तमी को समस्त कर्मों को क्षय करके स्वर्ण भद्र कूट से मोक्ष प्राप्त किया। अतरू हमें भी जीवन में सदा क्षमता भाव को धारण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो अपने जीवन में एक बार भी भाव सहित सम्मेद शिखर की वंदना करता है वह नर्क और पशु गति से बच जाता है। हमें अपने जीवन में तीर्थ क्षेत्र की वंदना करते हुए सम्मेद शिखर की वंदना अवश्य करनी चाहिए। सेठ अमृतलाल एवं अर्पित घुघरावत के बताया कि माताजी के सानिध्य में मुकुट सप्तमी पर 400 से अधिक श्रद्धालुओं ने उपवास किया जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों सम्मिलित रहे। ध्यान रहे कि जैन धर्म के उपवास में किसी भी तरह का खाना-पीना निषेध है उसमें अगले दिन सुबह तक पानी भी नहीं पीया जाता हैं।

खांदू कॉलोनी में भगवान पार्श्वनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक मुकुट सप्तमी पर्व पर गुरु मां के सानिध्य में विधान करते ससंघ एवं श्रद्धालु।

यादव मीडिया प्रभारी बने

बांसवाड़ा, (निसं)। भीम आर्मी प्रदेश आईटी सेल प्रभारी सोनू बामणिया के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष प्रवीण बुनकर ने पवन यादव डडुका को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। जिलाध्यक्ष ने यादव को भीम आर्मी भारत एकता मिशन व बाबा साहब, कांशीराम की विचारधारा को घर-घर ढाणी-ढाणी पहुंचाने का आव्हान करते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने के निर्देश दिये।

राखी मेले का शुभारंभ

राजसमंद, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल की 50वीं वर्षगांठ पर दो दिवसीय मेले का उद्घाटन समारोह के विशिष्ट अतिथि संभागीय सचिव निर्मल सिंघवी और डिप्टी डायरेक्टर राजेंद्र पोखरना ने किया। महावीर इंटरनेशनल वर्धमान सचिव राकेश डांगी की उपस्थिति में समारोह का शुभारंभ प्रार्थना भावना दिन रात मेरी सब सुखी संसार हो से करने के बाद अतिथियों का स्वागत सुभाष कोठारी और मुकेश कोठारी द्वारा उपरना से किया गया। संभागीय सचिव निर्मल सिंघवी ने महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संस्था की गोल्डन जुबली में प्रवेश पर महिला सशक्तिकरण की ओर एक कदम बढाते हुए महावीर इंटरनेशनल वर्धमान के बैनर तले मां बेटी एक्जिबिशन द्वारा राखी मेला का आयोजन महावीर इंटरनेशनल की जोन संयोजक (महिला सशक्तिकरण) वंदना कोठारी के द्वारा किया गया। गोल्डन जुबली लोगो अपेक्स कार्यालय जयपुर के लिए बनवाया जिसका अनावरण पदाधिकारियों ने किया। महिलाओं ने अपने उत्पाद के साथ 35 स्टाल लगाए। जिसमें राखियां, साडी, कुर्ती, खिलौने, दैनिक जरूरत में काम आने वाली वस्तुएं, वाजिब मूल्य के साथ एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई गई।

सार-समाचार

सांस्कृतिक संध्या आयोजित

बांसवाड़ा, (निसं)। भारत विकास परिषद जिला शाखा की ओर से संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत परिषद भवन रातीतलाई में सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गीत एवं गोपाल पंड्या द्वारा गणेश वंदना से किया गया। डॉ. आशा मेहता ने परिषद सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम में परिषद सदस्यों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जिसमें अंजना याग्निक ने नाचे नंदलाला झूले नंदलाला भजन, डॉ रूचिर नागर ने सबसे ऊंची प्रेम सगाई गीत, डॉ. दर्शना त्रिवेदी ने शायरी और गुजराती गीत, हरेंद्र याग्निक ने हास्य चुटकुले, रीतू नागर ने तुझे क्या चढाऊ माता तेरे पास क्या नहीं है के सुंदर गरबे, युधिष्ठिर त्रिवेदी ने गायत्री मंत्र का शुद्ध उच्चारण एवं उसका भावार्थ, गोपाल पंड्या ने हरिओम पंवार की कविता, मयूरी सोनी ने कुमार विश्वास की देशभक्ति से ओतप्रोत कविता, राजेंद्र द्विवेदी ने दिनकरजी की, उपाध्यक्ष धर्मिष्ठा पंड्या ने वह दोस्ती है ..स्वरचित कविता, रीता त्रिवेदी ने गुरू वंदन गीत, चेतना सराफ ने अपने पिता की स्वरचित कविता, विनोद अग्रवाल ने दोहे, अध्यक्ष नीरज मेहता ने सावन की घटा छाई यह देख के दिल झूमा गीत, आतिश जैन ने देशभक्ति कविता, आर पुरोहित ने जीत गया, बेला अग्रवाल ने गीत, सचिव संजय गुप्ता ने वह सुहाने दिन वह आशिकाने दिन गीत तथा एडवोकेट पंकज मेहता ने जो तुम नहीं गीत की प्रस्तुति दी। मीडिया प्रभारी कल्पेश मेहता ने बताया कि कार्यक्रम में नवसदस्य देवेंद्र सैनी एवं पुष्पा सैनी को प्रांतीय संरक्षक डॉ रविंद्र लाल मेहता ने शपथ दिलाई।

नवीन कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

बांसवाड़ा, (निसं)। पंच राजभोई माली समाज की बैठक नवनिर्वाचित अध्यक्ष कन्हैयालाल राठौड के सानिध्य में खोडियार माता मंदिर परिसर में हुई। जिसमें राजभोई समाज की नवीन कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए चुन्नीलाल राठौड को संरक्षक, हेमंत कुमार फौजी, दीपक कुमार व गंगाराम भोई उपाध्यक्ष, प्रवीण कुमार सचिव, राहुल राठौड मीडिया एवं सांस्कृतिक प्रभारी, पमा पहलवान व्यायामशाला अध्यक्ष, जितेन्द्र कुमार भंडार प्रमुख, कमलेश कुमार खेलकूद प्रमुख,चित्रांक भोई विधि सलाहकार, अशोक भोई कार्यालय प्रमुख, प्रकाश हरि ऊं धार्मिक कार्य प्रमुख, अविनाश भोई धार्मिक कार्य सहप्रमुख, मणिलाल भोई सरपंच पुरानी कॉलोनी, कृष्णा भोई सरपंच निचला भोईवाडा, हाकरचन्द्र भोई सरपंच नई कॉलोनी, राजेन्द्र भोई नवयुवक मंडल अध्यक्ष, देवेन्द्र व विजय भोई सब्जी विक्रेता प्रमुख, ललित, राहुल, कमलेश, रमेशचंद्र व हरिश भोई कुवैत प्रतिनिधि मनोनीत किया गया वहीं कन्हैयालाल राठौड, अंबालाल, राजेन्द्र कुमार, रायचंद, पंकज भोई, दिनेश, पंकज कुमार व तीनों पंच सरपंचो को मंदिर निर्माण समिति में शामिल किया गया तथा मोहनलाल, ईश्वरलाल, राजेन्द्र, जितेन्द्र व हेमराज भोई प्रमुख सलाहकार नियुक्त किये गये। कार्यकारिणी सदस्यों में राजेन्द्र, सोहनलाल, अरुण गहलोत,उंकार भोई को शामिल किया गया। नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण के पश्चात् अध्यक्ष कन्हैयालाल राठौड ने आगामी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम डेगली माता चौक पर गणेश महोत्सव, नवरात्रि गरबा महोत्सव एवं अखाडा प्रदर्शन के संबंध में चर्चा की।

सावन लहरिया महोत्सव मनाया

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय पर दाधीच महिला मंडल का सावन लहरिया महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक दीप्ति माहेश्वरी रही। समाज के प्रवक्ता गौतम शर्मा ने बताया यह पूरा आयोजन महिला मंडल द्वारा ही किया गया। समाज की कुलदेवी दधिमती मां का दीपक प्रज्ज्वलित करके समाज के अध्यक्ष सुरेश जोशी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जज की भूमिका में रमिला लक्सकार और विभा पालीवाल रही। अध्यक्ष स्नेहलता दाधीच, उपाध्यक्ष गीता व्यास, सचिव निशा दाधीच, बसंती व्यास और स्वेता व्यास ने मंच संचालन किया। एकल नृत्य, गीत, रैंप वॉक, ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित किए गए। जिसमें समाज की महिलाओं ने उत्साह, उमंग उल्लास के साथ भाग लिया। इस दौरान वंदना जोशी, कुसुमलता व्यास, किरण दाधीच, रेणु दाधीच, शांति दाधीच, ममता व्यास, मोना जोशी, ललिता व्यास,गिरिजा व्यास, विभा जोशी,नीलिमा व्यास, अनु दाधीच सहित महिला मंडल का सहयोग रहा।

पचास पौधे रोपे

राजसमंद, (निसं)। जैन श्वेतांबर तेरापंथी संस्थान कांकरोली की ओर से रविवार को प्रज्ञा विहार के प्रांगण में एक पेड शासन माता के नाम और एक पेड अपनी माता के नाम कार्यक्रम के तहत प्रज्ञा विहार परिसर में 50 पौधे लगाए गए। पौधारोपण के मौके पर तेरापंथी संस्थान कांकरोली के मंत्री धनेंद्र मेहता ने बताया कि तेरापंथ धर्म संघ की आठवीं साध्वी प्रमुखा साध्वी, कनकप्रभा को आचार्यश्री महाश्रमण ने शासन माता की उपाधि दी थी। इस दौरान लोकेश बाफना, जगजीवन चोरडिया, श्यामसुंदर चोरडिया, विनोद चोरडिया, मधुदेवी चोरडिया, तारा बापना, चंदा टूकलिया, किरण बापना, तारा चोरडिया, सीमा डांगी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

सवा लाख रुपए की रिश्वत लेते संयुक्त निदेशक गिरफ्तार

- सोनोग्राफी मशीन को सील करने, सोनोग्राफी रजिस्टर वापस लौटाने और आगे परेशान नहीं करने की एवज में रिश्वत मांगी थी
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक को गिरफ्तार किया

उदयपुर, (कासं)। एसीबी की राजसमंद इकाई ने रविवार को कार्रवाई करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. जुल्फिकार अहमद काजी को 1.25 लाख रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

एसीबी के महानिदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी राजसमंद को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी, जिसमें सोनोग्राफी मशीन को सील करने, सोनोग्राफी रजिस्टर वापस लौटाने और आगे परेशान नहीं करने की एवज में आरोपी डॉ. काजी रिश्वत की मांग कर रहा था। इसके लिए परिवादी को बार-बार कार्रवाई के लिए धमकाकर परेशान किया जा रहा था। एसीबी उप महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरविजन में एएसपी हिम्मत सिंह चारण ने शिकायत का सत्यापन किया। इस दौरान डॉ. जुल्फिकार अहमद काजी को 1.25 लाख रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है। साथ ही आरोपी से मामले में एसीबी की टीम पूछताछ कर रही है। डॉ. जुल्फिकार अहमद काजी संयुक्त निदेशक होने के साथ उदयपुर शहर में पीसीपीएनडीटी के समुचित प्राधिकारी अधिकारी भी थे। ऐसे में इनके पास सभी निजी मेडिकल कॉलेज, बड़े हॉस्पिटल्स और सोनोग्राफी सेंटर को लाइसेंस देने, उनका रिन्यूअल और मॉनिटरिंग का जिम्मा था। जहां इनके खिलाफ शिकायतें मिलती रहह। इसके अलावा इनके खिलाफ जिले की कई प्रमुख जांच को लंबित रखने के भी आरोप लगते रहे हैं। वर्ष 2019 में डॉ. जुल्फिकार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त निदेशक बनाया था। फरवरी 2024 में सरकार ने उन्हें हटाकर डॉ. प्रकाश चन्द्र को संयुक्त निदेशक बना दिया था। इसके विरोध में डॉ. जुल्फिकार हाईकोर्ट से स्टे लेकर वापस पद पर बने रहे। ऐसे में राज्य सरकार ने हाल ही स्टे का निस्तारण करते हुए डॉ. प्रकाश चन्द्र को एपीओ कर दिया। इस पर डॉ. जुल्फिकार अपने पद पर बने रहे। उल्लेखनीय है कि आरोपी डॉ. काजी को पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर राज्य स्तर पर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया था।

सारस्वत महिला संस्थान ने रंगारंग लहरिया महोत्सव मनाया

- महोत्सव में जयपुर अजमेर, भीलवाड़ा, नीमच, मनासा, उदयपुर, कोटा, कनेरा, चित्तौड़गढ़ सहित एक दर्ज़न जिलों की टीमों ने भाग लिया

जयपुर/ चितौड़गढ़, (निसं)। सारस्वत महिला संस्थान चित्तौड़गढ़ के तत्वाधान में अनंत रिसोर्ट, चितौड़गढ़ में रंगारंग और मनभावक लहरिया महोत्सव का आयोजन किया गया। अंतरराज्य स्तरीय लहरिया महोत्सव में जयपुर अजमेर, भीलवाड़ा, नीमच, मनासा, उदयपुर, कोटा, कनेरा, चित्तौड़गढ़ सहित एक दर्ज़न जिलों की टीमों ने भाग लिया।

महोत्सव का शुभारंभ नगर परिषद सभापति संदीप शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में रतलाम से पुष्पा व्यास, नगर पालिका अध्यक्ष बेग रंजना शर्मा उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन प्रिया शर्मा, सोनाली ओझा एवं ज्योति ओझा द्वारा किया गया। महिला संस्थान चितौड़गढ़ सचिव निशा सारस्वत ने मुख्य अतिथि, निर्णायक एवं सभी टीमों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। निर्णायक की भूमिका में परिधि भटनागर उपस्थित थी। साधना सारस्वत अध्यक्ष सारस्वत महिला संस्थान चितौड़गढ़ में समाज की सभी महिलाओं को मृत्यु के समय दिया जाने वाला लेनदेन बंद करने की शपथ दिलाई। सभी टीमों ने गीत, संगीत और नृत्य के साथ अपना टैलेंट शोकेस किया। प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सभी बहनें लहरिया परिधान में सुसज्जित होकर आयोजन में शामिल हुई। रंग-बिरंगे लहरिये के परिधानों से सजी महिलाओं ने सावन के गीतों पर जमकर नृत्य किया।

लहरिया महोत्सव में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। चित्तौड़गढ़ से सरोज ओझा, खुशबू व्यास, खुशबू ओझा ,रजनी व्यास एवं कमला ओझा ने कान्हा और गोपियों का रूप धारण कर मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। सभी टीमों ने सावन थीम पर अपनी प्रस्तुति दी। जयपुर की टीम ने अपनी प्रस्तुति में सामाजिक कुरीतियों को मिटाने एवं पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। सारस्वत महिला संस्थान चितौड़गढ़ की कार्यकारिणी ने नारी सशक्तिकरण थीम पर अपनी प्रस्तुति दी। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः जयपुर भीलवाड़ा एवं कोटा की टीम ने प्राप्त किया। सारस्वत महिला संस्थान की अध्यक्ष साधना सारस्वत ने बताया कि राजस्थानी संस्कृति और परंपरा वर्षों से चली आ रही है। आज की पीढ़ी ऐसे कार्यक्रमों से दूर हो रही है।

कार्यक्रम में महिलायें लहरिया परिधान में सुसज्जित होकर शामिल हुई।

हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. का तीन दिवसीय उर्स आज से

कपासन, (निसं)। हज़रत ख्वाज़ा गरीब नवाज़ र.अ. की छट्टी शरीफ की महफिल से हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के 83वें उर्स का आगाज सोमवार को होगा।

प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार बाबा हुजूर का तीन दिवसीय 83वां उर्स 12 अगस्त, 6 सफर सोमवार को प्रातः 09 बजे हज़रत ख्वाज़ा गरीब नवाज़ र.अ. के छट्टी शरीफ की महफिल से शुरू होकर 14 अगस्त, 8 सफर बुधवार को जोहर की अज़ान से पहले कुल की फातिहा के साथ सम्पन्न होगा।दरगाह शरीफ स्थित बुलन्द दरवाजे पर मेडल डिक्टेटर लगाए गए है, पुरे दरगाह परिसर, हाईवे से लेकर उपखण्ड कार्यालय तक चप्पे-चप्पे पर सी.सी. टी.वी. केमरे लगाए गए है। और जगह-जगह उची मचान से केमरे द्वारा निगरानी रखने के साथ ही ड्रॉन केमरे से नज़र रखी जाएगी।

सोमवार प्रातः 9 बजे शाही महफिल खाने मे महफिले मिलाद के बाद महफिले समा, रात्रि को 11 बजे संदल पेश करने की रस्म अदा की जाएगी। बाद नमाज़े ईशा के महफिले मिलाद के बाद महफिले समा। मंगलवार रात्रि को बाद नमाज़े ईशा के महफिले मिलाद के बाद महफिले समा एवं रात्रि 3:30 बजे गुस्ल की रस्म अदा की जाएगी। बुधवार 14 अगस्त बाद नमाज़े फजर के देग का खाना तकसीम होगा और 8 बजे कुल की महफिल शुरू होगी एवं जोहर की अज़ान से पहले कुल की फातिहा के साथ उर्स सम्पन्न होगा। गुरूवार को आम जायरीन के दीदार हेतु भूमिगत मज़ार के पट खोले जाएगे।

बाबा हुजूर के यहा हर साल नया काम देखने को मिलता है इस साल दरगाह परिसर के बुलन्द दरवाजा से लेकर महफिल खाना तक लम्बाई 172 फिट, चोडाई 68 फिट, ऊचाई 34 फिट, लंगरखाना से लेकर हॉजे उल्फत तक लम्बाई 235 फिट, चोडाई 34 फिट, ऊचाई 24 फिट, अहमद कबीर मंजिल की डबल मंजिल पर लम्बाई 106 फिट, चोडाई 46 फिट, ऊचाई 30 फिट एवं महबूब पार्क के पीछे कमरा नं. 106 के पास लम्बाई 135 फिट, चोडाई 48 फिट, ऊचाई 24 फिट लोहे के चार डोम जायरीने दीवाना के सहुलियात के लिए लगाए गए है एवं अहाता ए नूर के तीनो डोम के नीचे पी.वी.सी. पेनल का बहुत ही सुन्दर कार्य किया गया है। प्रशासन द्वारा पार्किंग कि व्यवस्था निम्नानुसार की गई। चित्तौड़गढ़ की तरफ से आने वालो के लिए राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय का खेल मेदान, भादसोडा की तरफ से आने वालो के लिए स्टेशन के पास पुरानी कपास फैक्ट्री के बाहर का ग्राउण्ड, उदयपुर की तरफ से आने वालो के लिए माताजी के मंदिर के सामने वाला ग्राउण्ड रहेगा।

तहसीलदार जगदीश चन्द्र बामनीया एवं गिरदावर मोहम्मद हारून शैख ने वक्फ कमेटी सदस्यो के साथ पुरे दरगाह परिसर का निरक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ का विहंगम दृश्य।

विजेताओं का किया सम्मान

बांसवाड़ा, (निसं)। विद्या भारती संस्थान की ओर से संचालित विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय बागीदौरा में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता खो-खो, कबड्डी भैया अंडर 14 व अंडर 17 का उद्घाटन जिला मंत्री नवनीत शुक्ला व प्रबंध समिति अध्यक्ष हिरजी भाई पटेल, अश्विन प्रणामी, शोभा प्रणामी व सुरेश त्रिवेदी के आतिथ्य में किया गया। प्रारंभ में अतिथियों ने टॉस करवाकर खेल का शुभारंभ करते हुए खिलाडियों से परिचय लिया।

समापन सत्र विद्या भारती संस्थान जिला सचिव ललित दवे, प्रांत खेल सहसंयोजक नरेश पाटीदार व जिला खेल संयोजक राजेश त्रिवेदी के सानिध्य में हुआ। अतिथियों का परिचय माध्यमिक विद्यालय बागीदौरा की प्रधानाध्यापिका पूनम सोलंकी तथा स्वागत प्रबंध समिति सदस्य ममता आमेटा व प्रबंध समिति उपाध्यक्ष वालजीभाई अड ने किया। प्रतियोगिता का प्रतिवेदन जिला खेल संयोजक राजेश त्रिवेदी ने प्रस्तुत किया। अतिथियों ने विजेता खिलाडियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय खेल प्रभारी कांतिलाल मसार ने बताया कि खो-खो 14 आयु वर्ग में विजेता मंदारेश्वर बांसवाडा व उपविजेता कुशलगढ रहे। खो-खो 17 आयु वर्ग में विजेता पालोदा घाटोल संकुल व उप विजेता कुशलगढ रहा। कबड्डी 14 वर्ष में विजेता मंदारेश्वर तथा उपविजेता बडोदिया कुशलगढ संकुल, कबड्डी विजेता 17 वर्ष में बडोदिया कुशलगढ संकुल विजेता तथा कबड्डी 17 वर्ष में मंदारेश्वर बांसवाडा उपविजेता रहा।

भोलेनाथ के जयकारों से गूंजा डूंगरपुर

- बेणेश्वर धाम से पवित्र जल लेकर पहुंचे कावड़िए

डूंगरपुर, (निसं)। श्रावण मास के अवसर पर वागड में कावडयात्रा शुरू हो गई है। सोम, माही और जाखम नदियों के त्रिवेणी संगम बेणेश्वर धाम से कावडों में पवित्र जल लेकर कावडियों का जत्था रविवार को डूंगरपुर पहुंचा। हर-हर महादेव के जयकारों से ही पूरा रास्ता गूंजता रहा। वहीं, सोमवार को शहर में शोभायात्रा के साथ धनेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा।

श्रावण मास को लेकर हर साल बांसडवाडा के युवाओं की ओर से कावडयात्रा निकाली जाती है। 60 कावडयात्रियों का जत्था कल शनिवार को डूंगरपुर से बेणेश्वर धाम के लिए निकला। बेणेश्वर धाम पर शिव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, ब्रम्हा मंदिरों में दर्शनों के बाद सोम, माही और जाखम नदियों के पवित्र त्रिवेणी संगम से जल कावडों में भरा। इसके बाद कावडिए बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए डूंगरपुर के लिए रवाना हो गए। रिमझिम बारिश और फुहारों के बीच कावडिए जयकारे लगाते हुए बढते रहे।रविवार दोपहर से कावडियों के जत्थे डूंगरपुर शहर में पहुंचना शुरू हो गए। छोटी ओर बडी कावडों के साथ ही शिवलिंग की कावड भी थामे हुए थी। कावडियों के लिए रविवार को शहर के ओटा में ही विश्राम रहेगा। जहां कावडियों की ओर से लाए गए पवित्र जल को ओटे में ही रखेंगे। वहीं, कल श्रावण मास के सोमवार को कावडयात्रियों की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें शहर के लोग भी शामिल होंगे। कावडिए जयकारों के साथ धनेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेंगे और भगवान शिवजी का अभिषेक करेंगे।

नवा महादेव मंदिर मे रखे कावड़।